समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 28 August 2026

# संघर्ष, संयम और सतत मेहनत : श्रीकांत जोशी की उद्यमी यात्रा

Publisher
Published on 22 Jan 2026



जब किसी उद्योग की इमारत, आधुनिक मशीनें और बढ़ती पहचान दिखाई देती है, तो लोग उसे एक "सक्सेस स्टोरी" कह देते हैं। लेकिन उस सफलता के पीछे छिपी चुप्पी, संघर्ष, असफलताएँ और अनगिनत जागी हुई रातें बहुत कम लोग देखते हैं।
**Oracle Hydro Mech Stampings** के संस्थापक **श्रीकांत जोशी** की कहानी भी कुछ ऐसी ही है—जो केवल सफलता की नहीं, बल्कि हिम्मत, धैर्य और निरंतर मेहनत की गाथा है।

## साधारण पृष्ठभूमि, असाधारण संकल्प

श्रीकांत जोशी एक साधारण परिवार से आते हैं। न कोई औद्योगिक विरासत, न बड़ी पूंजी, न राजनीतिक या व्यावसायिक संपर्क—सिर्फ सपने, जिम्मेदारी और यह अटूट विश्वास कि **ईमानदार मेहनत कभी धोखा नहीं देती**।

जब उन्होंने व्यवसाय शुरू करने का निर्णय लिया, तब वे परिवार के एकमात्र सदस्य थे जिन्होंने यह जोखिम उठाया। परिवार चाहता था सुरक्षित नौकरी, तय वेतन और स्थिर जीवन—और यह डर गलत भी नहीं था।
लेकिन श्रीकांत के मन में एक ही सवाल गूंजता रहा—
**"अगर अब नहीं, तो कब ? अगर मै नंहीं, तो कौन ?"**

## बिना उद्घाटन, बिना शोर—एक शांत शुरुआत

Oracle Hydro Mech Stampings की शुरुआत किसी बड़े उद्घाटन या प्रचार के साथ नहीं हुई। न बोर्ड, न समारोह।
शुरुआती दिनों में ऐसे भी समय आए जब फैक्ट्री में सन्नाटा रहता, मशीनें बंद रहतीं और फोन नहीं बजता।

संघर्ष के उस दौर में श्रीकांत सिर्फ मालिक नहीं थे—
वे खुद सप्लायर्स से बात करते,
खुद ग्राहकों के फॉलो-अप लेते,

और मशीन के पास खड़े होकर हर पार्ट की गुणवत्ता जांचते।

**आर्थिक दबाव और आत्मसंघर्ष**

ऐसे महीने भी आए जब कैश फ्लो बेहद कमजोर था। भुगतान देर से आते थे। कई रातें उन्होंने अकेले बैठकर यही सोचते हुए बिताईं—
**"क्या मैनें गलत फैसला लिया?"**

लेकिन हर सुबह वे फिर खड़े होते। क्योंकि मैन्युफैक्चरिंग ने उन्हें एक सच्चाई सिखाई—
**सातत्य, आत्मविश्वास से भी अधिक शक्तिशाली होता है।**

**गुणवत्ता पर समझौता नहीं, विश्वास पर निवेश**

धीरे-धीरे Oracle Hydro Mech Stampings ने **शीट मेटल कंपोनेट्स, प्रिसिजन प्रेस पार्ट्स, डीप ड्रॉ पार्ट्स और वेल्डेड असेबंलीज़** पर फोकस किया।

ग्राहकों को सस्ते दाम का लालच नहीं दिया गया, बल्कि

- समय पर डिलीवरी
- सटीकता
- और प्रतिबद्धता
  पर रिश्ते बनाए गए।

ऑटोमोटिव और नॉन-ऑटोमोटिव सेक्टर में एक गलत पार्ट पूरे रिश्ते को तोड़ सकता है। इसलिए यहां गुणवत्ता कभी समझौते का विषय नहीं बनी। कई बार तैयार माल खुद रिजेक्ट करना पड़ा—जो नुकसान जैसा लगता था, लेकिन असल में वह **विश्वास मे ं किया गया निवेश** था।

**MIDC वाळूज की फैक्ट्री : सिर्फ यूनिट नहीं, एक सीखने की जगह**

छत्रपति संभाजीनगर के MIDC वाळूज स्थित फैक्ट्री सिर्फ उत्पादन का केंद्र नहीं बनी, बल्कि एक ऐसी "शाला" बन गई जहाँ अनुशासन, सीखने की भावना और जिम्मेदारी रोज़ सिखाई जाती है।

जैसे-जैसे ग्राहक बढ़े, ऑर्डर बढ़े, मशीनें बढ़ीं और टीम भी बढ़ती गई—वैसे-वैसे चुनौतियाँ भी बढ़ीं।

**विकास के साथ बढ़ता दबाव**

विकास अपने साथ नए संघर्ष लाता है—
समय पर डिलीवरी का दबाव,
क्वालिटी बनाए रखने का दबाव,
लोगों के प्रबंधन का दबाव,
और वित्तीय योजना का दबाव।

एक गलत निर्णय सब कुछ पीछे ले जा सकता था। इस दौर में सबसे ज्यादा जो महसूस हुआ, वह था—**निर्णय लेने का अकेलापन**।

**प्रशंसा नहीं, मूल्य निर्माण ही लक्ष्य**

जो लोग कभी संदेह करते थे, वे आज चुपचाप प्रगति देखते हैं। न तालियाँ, न तारीफ।
लेकिन श्रीकांत जोशी ने यह सीख लिया—
**व्यवसाय तारीफ के लिए नहीं, मूल्य निर्माण के लिए होता है।**

उन्हें आगे बढ़ाती रही जिम्मेदारी—
अपने कर्मचारियों के प्रति,
अपने ग्राहकों के प्रति,
और उस श्रीकांत के प्रति, जिसने कभी शून्य से शुरुआत की थी।

### आधुनिक तकनीक, लेकिन मजबूत संस्कृति

आज Oracle Hydro Mech Stampings एक भरोसेमंद मैन्युफैक्चरिंग पार्टनर के रूप में पहचानी जाती है। हाइड्रॉलिक प्रेस, CNC पाइप बेंडिंग और आधुनिक वेल्डिंग सिस्टम्स के साथ कंपनी काम कर रही है।

लेकिन श्रीकांत को सबसे अधिक गर्व है उस **संस्कृति** पर—
जिम्मेदारी की संस्कृति,
सीखने की संस्कृति,
और काम के सम्मान की संस्कृति।

### युवा उद्यमियों के लिए संदेश

पीछे मुड़कर देखने पर सबसे कठिन चीज पैसा या मशीन नहीं थी—
**सबसे कठिन था अकेले निर्णय लेना।**

पहली पीढ़ी के उद्यमियों के लिए हर असफलता व्यक्तिगत लगती है, हर नुकसान ज्यादा चुभता है। लेकिन यही अकेलापन आपको मानसिक रूप से मजबूत भी बनाता है।

युवा उद्यमियों के लिए श्रीकांत जोशी का संदेश स्पष्ट है—

- परफेक्ट परिस्थितियों का इंतज़ार मत करो
- सातत्य रखो
- नकार मिलेगा, गति धीमी लगेगी
- लोग आपकी सोच नहीं समझेंगे

लेकिन यदि ईमानदार काम, अनुशासित प्रक्रिया और धैर्य रखा—
**तो सफलता निश्चित है।**

### संघर्ष को सलाम

अंत में श्रीकांत जोशी अपने हर ग्राहक, हर कर्मचारी और उन कठिन दिनों का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने उन्हें गढ़ा।
क्योंकि—
**संघर्ष के बिना सफलता की कोई कीमत नहीं होती।**

### सम्मान और पहचान

**श्री श्रीकांत जोशी** की इस शानदार उपलब्धि को "**Maharashtra Business Icon 2025 / Maharashtra Style Icon 2025 / Maharashtra Fashion Icon 2025**" जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों के लिए चुना गया है। यह सम्मान **Reseal.in** और **India Fashion Icon Magazine** द्वारा उन उभरते उद्यमियों और रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है।

### भव्य पुरस्कार समारोह

इस पुरस्कार समारोह में कई प्रसिद्ध फिल्मी हस्तियाँ शामिल होंगी:
⍰ **वर्षा उसगांवकर** – बॉलीवुड अभिनेत्री

⍰ **सोनाली कुलकर्णी** – भारतीय अभिनेत्री
⍰ **प्रार्थना बेहेरे** – भारतीय अभिनेत्री

यह आयोजन **श्री सुधीर कुमार पठाडे**, *Founder & CEO, Sure Me Multipurpose Pvt. Ltd. (Reseal.in)* के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा, जो महाराष्ट्र के उद्यमियों और प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच देने के लिए कार्यरत हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.